<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक– 29.07.2025 (संध्या–1900 बजे)</u>
<u>मुख्य समाचार</u>

- **स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने देवघर बस हादसे में घायलों से की मुलाकात, मृतकों को 1 लाख और घायलों को 20 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा।**
- **विश्व बाघ दिवस पर पलामू टाइगर रिजर्व में विशेष कार्यक्रम आयोजित, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने की पुनर्वासित क्षेत्र की सुविधाओं की समीक्षा।**
- **सरायकेला–खरसावां में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का किया उद्घाटन, आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने पर दिया जोर।**
- **झारखंड और छत्तीसगढ़ पुलिस अधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सल और अपराध नियंत्रण पर लगाम लगाने पर हुई चर्चा।**
- **मौसम विभाग ने कल राज्य के अधिकांश जिलों में गरज के साथ बारिश की जताई संभावना, रांची सहित कई जिलों में बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की दी गई चेतावनी।**

<u>******************</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार की तरफ से विस्तृत जानकारी देंगे। इससे पूर्व आज गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार का पक्ष रखा था।

<u>******************</u>

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने देवघर सदर अस्पताल और एम्स पहुंचकर मोहनपुर बस दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। मौके पर उन्होंने घोषणा की कि सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को एक लाख, और घायलों को बीस हजार रूपये सहायता राशि दी जाएगी।

इधर दुमका के बाबा बासुकीनाथ श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने मंदिर परिसर की विधि व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने रूट लाइन का जायजा लिया और साथ ही मेला क्षेत्र के स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की भी जांच की।

<u>******************</u>

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर पलामू टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा पुनर्वासित क्षेत्र पोलपोल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने विस्थापित ग्रामीणों से मुलाकात कर पुनर्वासित क्षेत्र की सुविधाओं की समीक्षा की। पत्रकारों से

बातचीत करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार गरीबों और समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए संकल्पित है।

वहीं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने स्मार्ट क्लास की सराहना की।

<u>******************</u>

सरायकेला–खरसावां में पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चंपाई सोरेन ने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय के नए भवन का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह विद्यालय आदिवासी बहुल क्षेत्र में शिक्षा के विकास में अहम भूमिका निभा रहा है। साथ ही श्री सोरेन ने विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों से छात्रों को अनुशासन और मूल्य आधारित शिक्षा देने की अपील की।

<u>******************</u>

चतरा में झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई जिसका उद्देश्य जिला कमिटी के पुनर्गठन और सीमित विस्तार की रणनीति तैयार करना था। इस मौके पर जिला अध्यक्ष निलेश ज्ञासेन ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य चतरा लोकसभा और दोनों विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करना है। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी चुनावों की रणनीति पर वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चर्चा की।

******************

रांची में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों से आए लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। सुदेश महतो ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पार्टी और मजबूत होगी और अपने विचारधारा के साथ आगे बढ़ेगी।

******************

गिरिडीह जिले को नीति आयोग द्वारा सम्पूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण सहित चार मानकों पर खरा उतरने के लिए आज जिले में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में उपायुक्त राम निवास यादव ने विभिन्न विभागों के फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया और उनकी भूमिका की सराहना की।

******************

झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सल और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए दोनों राज्यों की पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में गढ़वा जिले के रंका अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी और छत्तीसगढ़ के वरीय पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में आपसी सहयोग और समन्वय से सीमावर्ती अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई पर सहमति बनी। साथ ही हाल की आपराधिक और नक्सली गतिविधियों की समीक्षा की गई और इनमें कमी आने पर संतोष जताया गया।

******************

मादक पदार्थ की रोकथाम पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रामगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर करीब 500 किलोग्राम मादक पदार्थ डोडा जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और एनडीपीएस एक्ट के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

******************

रेलवे विभाग की ओर से गोड्डा रेलवे स्टेशन को अमृत रेलवे स्टेशन में विकसित किये जाने के बाद, यहाँ सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*****************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में कल गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला–खरसावां और सिमडेगा सहित कई जिलों में बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। साथ ही देवघर, दुमका, साहिबगंज और पाकुड़ जिलों में भी मौसम खराब रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी है।

*******समाप्त********